भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 4635

20 मार्च, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

तमिलनाडु में सघन मिशन इन्द्रधनुष (आईएमआई)

†4635. श्री मलैयारासन डी.:

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) सरकार द्वारा तमिलनाडु में सघन मिशन इन्द्रधनुष (आईएमआई) के कार्यान्वयन के लिए क्या कदम उठाए गए हैं और कल्लाकुरिची जिले में इस योजना के अंतर्गत अब तक कितने बच्चों और गर्भवती महिलाओं को शामिल किया गया है;

(ख) आईएमआई के अंतर्गत तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले के अल्पसेवित क्षेत्रों में टीकाकरण कवरेज में वृद्धि करने में क्या प्रगति हुई है;

(ग) तमिलनाडु के कल्लाकुरिची जिले में मिशन इन्द्रधनुष योजना के अंतर्गत टीकाकरण के लाभों के बारे में जनता को सूचित करने के लिए कितने जागरूकता अभियान चलाए गए हैं;

(घ) तमिलनाडु में, विशेषरूप से दूर-दराज और ग्रामीण क्षेत्रों में इस योजना के प्रभावी कार्यान्वयन में किन-किन चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है और उनके समाधान के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं; और

(ङ) तमिलनाडु में टीके से रोके जा सकने वाले रोगों को कम करने और टीकाकरण की दरों में सुधार लाने पर इस योजना का क्या प्रभाव पड़ा है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्रीमती अनुप्रिया पटेल)

(क) और (ख): अगस्त, सितंबर और अक्टूबर, 2023 में सघन मिशन इंद्रधनुष 5.0 के तीन चरण आयोजित किए गए, जिनका मुख्य उद्देश्य खसरा-रूबेला उन्मूलन और टीकाकरण कवरेज में सुधार करना था। छूटे हुए और टीकाकरण बीच में छोड़ चुके बच्चों और गर्भवती महिलाओं की सूची बनाकर उनका टीकाकरण

सुनिश्चित किया गया। 5 वर्ष तक के बच्चों को लक्षित किया गया और सभी टीकाकरण कार्यक्रमों के पंजीकरण और रिकॉर्ड के लिए यूडब्ल्यूआईएन पोर्टल का उपयोग किया गया। सघन मिशन इंद्रधनुष के सफल कार्यान्वयन की निगरानी और सुनिश्चित करने के लिए जिला और ब्लॉक स्तर पर गठित टीकाकरण कार्य बलों द्वारा नियमित रूप से समीक्षा की गई। तमिलनाडु राज्य द्वारा प्रस्तुत टीकाकरण कवरेज का विवरण अनुलग्नक में दिया गया है।

(ग): तमिलनाडु राज्य द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, कल्लाकुरुची जिले में सूचना, शिक्षा और संचार अभियान संचालित करके गहन प्रयास किए गए। कल्लकुरुची जिले में पांच जनसभाएं आयोजित की गईं, जिनमें सहायक नर्स मिडवाइफ (एएनएम), नर्सिंग कॉलेज के छात्र और अन्य हितधारक शामिल थे।

(घ): दुर्गम और दूरस्थ क्षेत्रों में, टीकाकर्ताओं के भार को कम करने के लिए मोबाइल स्वास्थ्य टीमों को तैनात किया गया।

(ङ): इस योजना के प्रभाव स्वरूप, तमिलनाडु में पूर्ण टीकाकरण कवरेज वित्त वर्ष 2023-24 में 82.8% से बढ़कर वित्त वर्ष 2025-26 (अप्रैल 2025 - जनवरी 2026) में 93.9% हो गया है (स्रोत: एचएमआईएस)।

अनुलग्नक

"तमिलनाडु में सघन मिशन इंद्रधनुष" के संबंध में दिनांक **20.03.2026** को उत्तर के लिए लोक सभा अतारांकित संख्या **4635** के भाग (क) और (ख) के रूप में संदर्भित अनुलग्नक

सघन मिशन इंद्रधनुष **5.0** का कवरेज

आईएमआई5.0	तमिलनाडु राज्य						जिला कल्लकुरुची					
चरण	लक्षित गर्भवती महिलाएं	गर्भवती महिलाओं के लिए कवरेज	%	लक्षित बच्चे	टीका प्राप्त बच्चे	%	लक्षित गर्भवती महिलाएं	गर्भवती महिलाओं के लिए कवरेज	%	लक्षित बच्चे	टीका प्राप्त बच्चे	%
चरण 1	14435	20563	142	74372	88170	119	484	603	125	2370	2335	99
चरण 2	12663	19127	151	58894	70790	120	387	749	194	1048	2621	250
चरण 3	13021	19332	148	61547	74072	120	385	744	193	1048	2332	223

स्रोत:- तमिलनाडु राज्य से प्राप्त सूचना

******